साहित्य अकादेमी

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत पूर्णतः वित्तपोषित स्वायत्तशासी संस्था, अपने प्रधान कार्यालय एवं उप-कार्यालय चैन्नई में निम्नलिखित पद हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित करती है :

1. उप-सचिव (प्रकाशन)

पदों की संख्या : एक (अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित)
पदस्थान : नई दिल्ली
वेतनमान : पे बैंड-III/15600-39100/ग्रेड पे - 6600

शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएँ

अनिवार्य

1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से साहित्य अकादेमी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भारतीय भाषा में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा समतुल्य।
2. भारतीय साहित्य का समुचित ज्ञान तथा साहित्यिक समुदाय से अच्छा संपर्क।
3. कार्यक्रमों के आयोजन की योग्यता के साथ संबंधित कार्य निष्पादन तथा दस्तावेजों/कार्यवृत्तों की प्रोसेसिंग का पाँच वर्षों का अनुभव।
4. किसी एक भारतीय भाषा का विशिष्ट ज्ञान तथा अंग्रेज़ी भाषा का समुचित ज्ञान।
5. कंप्युटर अनुप्रयोगों का आधारभूत ज्ञान।

वांछनीय

1. साहित्य में शोध/ वाचस्पति की उपाधि।
2. पुस्तक उत्पादन एवं प्रकाशन का ज्ञान।
3. प्रकाशनों के संपादन का अनुभव।

आयु सीमा : 50 वर्ष (भारत सरकार के नियमानुसार आयु-सीमा में छूट)

2. सहायक संपादक

पदों की संख्या : एक (अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित)
पदस्थान : चैन्नई
वेतनमान : पे बैंड-।।।/15600-39100/ग्रेड पे -5400

शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएँ

अनिवार्य

1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से साहित्य अकादेमी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भारतीय भाषा में स्नातकोत्तर उपाधि।
2. हिंदी/अंग्रेज़ी भाषा का अच्छा ज्ञान तथा संबद्ध क्षेत्र की एक या एक से अधिक भारतीय भाषाओं का ज्ञान।
3. साहित्यिक एवं विद्वत्तापूर्ण पांडुलिपियों के संपादन तथा उनके प्रकाशन के विविध स्तरों पर देखरेख का पाँच वर्षों का अनुभव।
4. कंप्यूटर अनुप्रयोगों का आधारभूत ज्ञान।

वांछनीय

1. साहित्य में शोध उपाधि।
2. शोधकार्य का अनुभव/प्रकाशित शोध आलेख/कृतियाँ।
3. भारतीय साहित्य का सामान्य ज्ञान।
4. पत्रकारिता में डिप्लोमा।

आयु सीमा : 50 वर्ष (भारत सरकार के नियमानुसार आयु-सीमा में छूट)

3. वरिष्ठ लेखाकार

पदों की संख्या : एक (श्रवण (बधिर) दिव्यांग के लिए आरक्षित
(सुनवाई आवृत्तियों की बातचीत की रेंज में बेहतर कान में साठ डेसीबल या अधिक की हानि)
पदस्थान : नई दिल्ली
वेतनमान : पे बैंड -।।/9300-34800/ग्रेड पे-4200

शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएँ

अनिवार्य

1. वाणिज्य में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि।
2. लेखांकन कार्यों में पाँच वर्षों का अनुभव।
3. सरकारी नियमों और विनियमों का ज्ञान।
4. विभिन्न प्रकार के खातों को तैयार करने की क्षमता।
5. कंप्यूटर अनुप्रयोगों का आधारभूत ज्ञान।

वांछनीय

1. अंग्रेज़ी में प्रारूप तैयार करने की क्षमता।

आयु सीमा : 30 वर्ष (भारत सरकार के नियमानुसार आयु-सीमा में छूट)

जो आवेदक केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत्तशासी संस्थानों/प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थाओं में कार्यरत हैं, वे अपना आवेदन कृपया उचित माध्यम से भेजें। पदस्थ को भारत के किसी भी भाग में स्थित साहित्य अकादेमी कार्यालय में स्थानांतरित किया जा सकता है।

आवेदन पत्र पूर्ण विवरण एवं शैक्षिक/अनुभव/कार्य से संबंधित प्रमाण-पत्रों की स्व-अभिप्रमाणित प्रतिलिपियों के साथ हमारी वेबसाइट पर दिए गए निर्धारित प्रारूप के अनुसार विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से तीस दिनों के भीतर सचिव, साहित्य अकादेमी, रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110001 के पते पर पहुँच जाना चाहिए। लिफ़ाफ़े पर जिस पद के लिए आवेदन किया है, उसका उल्लेख होना चाहिए। राष्ट्रीय वृत्तिसेवा (एन.सी.एस.) पोर्टल के तहत पंजीकृत तथा अर्हता शर्तें पूरी करने वाले अभ्यार्थी निर्दिष्ट आवेदन प्रक्रिया हेतु अकादेमी वेबसाइट देख सकते हैं। ई-मेल द्वारा अथवा ज़रूरी प्रमाण-पत्रों के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

वेबसाइट : http://www.sahitya-akademi.gov.in

विज्ञापन सं. सा.अ.50/45/2017

प्रकाशन तिथि : 30 सितंबर 2017

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि : 29 अक्टूबर 2017